केन्द्रीय विद्यालय ए एफ एस मनौरी इलाहाबाद उत्तर प्रदेश सत्र:-2016-17

संकलनात्मक परीक्षा-तीन

विषय:- हिन्दी कक्षा:-नवीं समय:-1/30 घटें पूर्णांक:-40

निर्देश:-निर्देशानुसार प्रश्नो के उत्तर लिखें | प्रत्येक प्रश्न -1 (एक) अंक के हैं|(1*20)=20

प्रश्नः-1- सर्वनाम के भेद होते हैं

(क) तीन (ख) चार (ग) छह

प्रश्नः-2-वेकौन से सर्वनाम का भेद है

(क)उत्तम पुरुष (ख)अन्य पुरुष (ग)मध्यम पुरुष

प्रश्नः-3- गाय दूध देती देती है वाक्य में परसर्ग ने का सही प्रयोग है

(क)गाय ने दूध को दिया (ख) गाय ने दूध दिया

प्रश्नः-4-संज्ञाशब्दहै-(क) चतुर (ख)मधुर (ग)चातुर्य; प्रश्नः-5- फरमाइश' शब्दमेंमूलशबदहैः-(क)फरमा (ख) फरमान (ग)फर

प्रश्नः-6- आँख' शब्दकीसहीपर्यायवाचीहैः-(क)चक्षु (ख)देखनेकासाधन (ग) त्रिनेत्र

प्रश्नः-7- राम बहुत चतुर बालक है | वाक्य में विशेषण पद है|

(क) बहुत (ख) चतुर (ग) बालक

प्रश्नः-8- वर्षा धीरे- धीरे हो रही है| वाक्य में कौंन सा पद क्रिया विशेषण है|

(क)वर्षा धीरे- धीरे (ख) वर्षा धीरे- धीरे (ग) धीरे- धीरे

प्रश्नः-9- बालक दोपहर में भी सोता है वाक्य में पद क्रिया विशेषण एवं उसका भेद है|

(क) बालक/रीतिवाचक (ख) दोपहर/कालवाचक (ग) में / स्थानवाचक

प्रश्नः-10- बालक दोपहर में भी सोता है| वाक्य में निपात है|

(क) दोपहर (ख) में (ग) भी

प्रश्नः-11-जब तेज हवा के साथ बादल आतें हैं तब वर्षा नहीं होती है|रचना के आधार पर वाक्य भेद है|

(क) सरल (ख)संयुक्त (ग) मिश्र

प्रश्नः-12-भगवान आपकी मनोकामना पूरी करें| अर्थ के आधार पर वाक्यभेद है|

(क)विधान वाचक (ख)आज्ञां वाचक (ग) इच्छावाचक

प्रश्नः-13-दानवीर' में समास है|

(क)कर्म्धारय समास (ख)तत्पुरुष समास (ग) अव्ययीभाव समास

प्रश्नः- 14-रातों-रात' में समास है|

(क)कर्मधारय समास (ख)तत्पुरुष समास (ग) अव्ययीभाव समास

प्रश्नः-15-चन्द्रशेखर सामासिक पद का सही समास विग्रह है|

(क)चन्द्र के समान शिखर है जो (ख) शिखर पर हैचन्द्र जिसके अर्थात शिव

प्रश्नः-16-महापुरुष' में समास है|

(क)कर्मधारय समास (ख) तत्पुरुष समास (ग) अव्ययीभाव समास

प्रश्नः- 17-हरसाया ताल लाया पानी परात भर के/ में अलंकार है|

(क)श्लेष (ख) रुपक (ग) मानवीकरण

प्रश्नः-18-रति-रति शोभा सब रति के शरीर की/ में अलंकार है|

(क) यमक (ख) मानवीकरण (ग) उपमा

प्रश्नः-19-जहाँ उपमेय और उपमान के गुण -धर्म की समानता के कारण समान होने की संभावना की जाय वहाँ अलंकार होता है| (क) उपमा (ख) रुपक (ग) उत्प्रेक्षा

प्रश्नः - 20- प्रीति- नदी में पाँव न बोरयो / में अलंकार है (क)उपमा (ख) रुपक (ग) उत्प्रेक्षा

प्रश्न:-21-नीचे लिखे गद्यांश से सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर लिखें-(1∗5)=5

मैं समझता हुँ। तुम्हारी अँगुली का इशारा भी समझता हुँ और यह व्यंग्य-मुस्कान भी समझता हुँ । तुम मुझ पर या हम सभी पर हँस रहे हो,उन पर जो अँगुली छिपाए और तलुआ घिसाए चल रहे हैं,उन पर जो टीले को बरकाकर बाजू से निकल रहें हैं।तुम कह रहे हो-मैंनें तो ठोकर मार-मारकर जुता फाड़ लिया,अँगुली बाहर निकल आई,पर पाँव बचा रहा है।औरमैं चलता रहा,मगर तुम अँगुली को ढँकनें की चिंता में तलुवे का नाश कर रहे हो। तुम चलोगे कैसे ?

(क)-कहानी तथा कहानीकार का नाम लिखिए

(ख)-लेखक के अनुसार,प्रेमचंद किस पर व्यंग्य कर रहै हैं- ?

(ग)-प्रेमचन्दमुस्कराकरक्याव्यंग्यकररहेहैं- ?

(घ)-अँगुली छिपाने और तलुवा घिसाने का क्या गूढ़ आशय है?

(ड़)- प्रेमचन्द को किनके चलनें की चिन्ता है?

प्रश्न:-22-नीचे लिखे पद्यांश से सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर लिखें-(1∗5)=5

मेघ आए बड़े बन ठन के सँवर के
आगे -आगे नाचती गाती बयार चली
दरवाजे खिड़कियाँ खुलनें लगीं गली-गली,
पाहुन ज्यौं आए हों गाँव में शहर के ।
मेघ आए बड़े बन ठन के सँवर के

(क)मेघ किस प्रकार आए हैं?

(ख) हवा किस प्रकार चली?

(ग) पाहुन **का क्या अर्थ** हैं?

(घ)उत्प्रेक्षा अलंकार छाँटिए ।

(ड़)लोगों ने किस लिए अपनी खिड़कियाँ-दरवाजे खोल लिए ?

प्रश्न:-23-प्रश्नों के उत्तर लिखें(2∗3)=6

(1)-सरसो को सयानी कहकर कवि क्या कहना चाहता है?

(2)बालिका मैना ने सेनापती हे को कौन-कौन सा तर्क देकर महल की रक्षा के लिए प्रेरित किया?

(3)बालिका मैना की कौन कौन सी विशेषताँए आप अपनाना चाहेंगे?

प्रश्न:-24-प्रश्नों के उत्तर लिखें(2∗2)=4

(1)शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की-समाज को कैसे व्यकितत्व की जरुरत है?

(2)रीढ़ की हड्डी शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए?